# समर्पित भूमिका निभाएं कार्यकर्ता : जामवाल

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान शिविर प्रारंभ

**बेगमगंज, 9 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत सुल्तानगंज एवं बेगमगंज मंडलों का संयुक्त दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को बेगमगंज स्थित नाहर गार्डन में प्रारंभ हुआ. शिविर के पहले दिन विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्रों में कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति तथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के अनुरूप सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया.**

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाने का आह्वान किया. जामवाल ने भाजपा के इतिहास, विकास यात्रा एवं वैचारिक आधार को प्रदर्शित करती प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया. इसके बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत




माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

प्रारंभ में पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया. उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण शिविर की महत्ता बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं तथा संगठन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.शिविर में भोपाल संभाग के प्रभारी तेज बहादुर सिंह एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.शिविर के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठनात्मक संरचना, सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला.

### ये रहे शिविर में मौजूद

शिविर में नगर बेगमगंज, बेगमगंज ग्रामीण एवं सुल्तानगंज मंडल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप लोधी, नगर मंडल अध्यक्ष अजय जाट, बेगमगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे, सुल्तानगंज मंडल अध्यक्ष हरिराम यादव सहित जिला पदाधिकारी व वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं मातृशक्ति तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे. दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर के आगामी सत्रों में भी विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक दक्षता एवं जनसेवा के कार्यों में और अधिक प्रभावी बनाया जा सके.

### भाजपा की विकास यात्रा का किया उल्लेख

मुख्य वक्ता अजय जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य केवल चुनावी सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ भारत को पुनः 'विश्व गुरु' के रूप में स्थापित करना है.उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय एवं समर्पित भूमिका निभाने का आह्वान किया. भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने संगठन की रीति-नीति, सिद्धांतों तथा जनसंघ से लेकर वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया .सोशल मीडिया के महत्व पर भी विशेष सत्र हुअर, जिसमें राजकिशोर सोनी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग, सूचना के प्रसार एवं संगठन की सकारात्मक छवि निर्माण पर अपने विचार रखे.




## जनभागीदारी से किए जा रहे हैं कार्य

**रायसेन, 9 अप्रैल.** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में प्राचीन जल संरचनाओं तालाब, कुएं, बाबड़ी आदि की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य किया जा रहा है. साथ ही नागरिकों को बारिश के जल को सहेजने लिए प्रेरित किया जा रहा है. इसी कड़ी में औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत के ग्राम ढाबला में जनभागीदारी से तालाब की सफाई और गाद निकालने का कार्य प्रारंभ किया गया. इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक श्रमदान किया गया. साथ ही ग्रामीणों को जल का अपव्यय नहीं करने के लिए भी समझाइश दी गई. आमखेड़ा ग्राम पंचायत के महालपुर पाठा में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर पुरानी जल संरचनाओं की सफाई की गई. इसी प्रकार बेगमगंज जनपद पंचायत के ग्राम चांदबड़ में ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर तालाब की साफ-सफाई की गई.

# तोल कांटों की पूजा कर गेहूं खरीदी का शुभारंभ

### 8 किलोमीटर दूर बना दिए गेहूं खरीदी के केंद्र

अदनान खान

**सलामतपुर, 9 अप्रैल कृषक सेवा सहकारी समिति सलामतपुर अंतर्गत इस वर्ष 2 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं. गुरुवार को आजाद वेयरहाउस खोहा और सीमा वेयरहाउस बेरखेड़ी चौराहा पर समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी की तुलाई मशीन की पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया गया. इस दौरान समिति के प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी, परवेज भाई, आबिद भाई, केंद्र प्रभारी कमल सिंह राजपूत मौजूद थे.**

पहले दिन किसी भी किसान ने स्लॉट बुक नहीं कराया था तो खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा. वहीं इस वर्ष समिति के अंतर्गत दो खरीदी केंद्र बनाए गए हैं.जिसको लेकर विवाद की स्तिथि बन रही है.प्रशासन ने सलामतपुर से आठ किलोमीटर दूर समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्र बनाए हैं. इसकी वजह से किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा. किसान अजीम मंसूरी, बलवंत सिंह, रवि ठाकुर ने कहा कि आठ से दस किलोमीटर दूर सरकारी गेंहू खरीदी केंद्र बनाए



जाना उचित नही है.जबकि पिछले वर्ष कस्बे में ही खरीदी की गई थी. सलामतपुर सहकरी समिति अंतर्गत 27 गांव के लगभग 920 किसान पंजीयन हुए हैं.

बेरखेड़ी चौराहा और खोहा गांव में दो खरीदी केंद्र बनाए गए हैं.जिसको लेकर किसानों में आक्रोश है.अब क्षेत्र के किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने के लिए 8 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा.जिससे समय के साथ आर्थिक रूप से बोझ भी पड़ेगा.जबकि पिछले वर्ष समिति की खरीदी सलामतपुर वेयरहाउस और सुकासेन गांव में हुई थी.

### इनका कहना है

सलामतपुर सहकारी समिति अंर्तगत आने वाले किसानों को इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं तुलाई के लिए 8 किलोमीटर दूर बेरखेड़ी चौराहा और खोहा गांव जाना पड़ेगा .क्योंकि इस वर्ष सलामतपुर वेयरहाउस को सांची समिति का खरीदी केंद्र बनाया गया है

**कुंवरसिंह दांगी,** प्रबंधक सहकारी समिति, सलामतपुर

हमें गेहूं की उपज लेकर 8 किलोमीटर दूर बेरखेड़ी चौराहा जाना पड़ेगा .जिसकी वजह से समय के साथ रुपये भी खर्चा होंगे .जबकि पिछले वर्ष सलामतपुर और सुकासेन में ही खरीदी की गई थी. हमारी प्रशासन से मांग है कि किसानों की समस्याओं को देखते हुए कस्बे में ही गेंहू खरीदी की जाए .

**राकेश मीणा,** किसान राताताई

### एक नजर में



#### मंडी में किसानों को एसडीएम ने कराया चने का नाश्ता

**बेगमगंज, 9 अप्रैल.** कृषि उपज मंडी समिति के भार साधक अधिकारी एवं एसडीएम सौरभ मिश्रा, मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी एवं स्टाफ द्वारा किसी उपज मंडी में अपनी उपज विक्रय करने आए सभी किसानों का स्वागत करते हुए नाश्ते के रूप में चने परोसकर अभिनव पहल की शुरुआत की. एसडीएम सौरभ मिश्रा अपने नवाचार के लिए जाने जाते हैं. इससे पूर्व भी वह कई प्रकार के नवाचार जैसे नेकी की दीवार, गरीबों के साथ दीपावली, स्टूडेंट के लिए मोबाइल उपवास, दोना पत्तल बैंक, शिक्षक बनकर स्टूडेंट को शिक्षा दान आदि कई कार्यक्रम आयोजित कर चुके हैं. किसानों ने इस अभिनव पहल की सराहना की है।




#### मेहगांव में गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ

**सलामतपुर, 9 अप्रैल.** ग्राम मेहगांव स्थित माता श्री वेयरहाउस पर गुरुवार को गेहूं उपार्जन खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान केंद्र पर अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया. अतिथियों ने किसानों से संवाद कर उन्हें शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी और समर्थन मूल्य पर पारदर्शी एवं सुगम खरीदी प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, प्रदेश महामंत्री कप्तान सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, राकेश तोमर, जमना सेन, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजेंद्र सिंह बघेल, कमलेश राजपाल सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे.

# मुस्लिम समाज को सामूहिक विवाह में नहीं मिल रहा मौका

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बम्होरी, 9 अप्रैल. रायसेन में 19 अप्रैल को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान/मुख्यमंत्री निकाह योजना के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के पंजीयन नहीं होने का मामला सामने आया है. इसको लेकर अब समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है.**

ऑल इंडिया मंसूरी समाज संगठन के जिला अध्यक्ष फारुक मंसूरी एवं नगर अध्यक्ष जीशान मंसूरी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मुस्लिम समुदाय के कई परिवार जब योजना में पंजीयन कराने पहुंचे, तो उन्हें यह कहकर मना कर दिया गया कि यह केवल कन्यादान (हिंदू विवाह) का कार्यक्रम है . इसमें निकाह शामिल नहीं होंगे.फारुक मंसूरी ने बताया कि शासन की इस योजना में 'निकाह' भी शामिल है. इसके बावजूद मुस्लिम समाज को लाभ से वंचित किया जाना उचित नहीं है. इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के सामने बेटियों के विवाह को लेकर चिंता बढ़ रही है. ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि 19 अप्रैल को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुस्लिम जोड़ों का भी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए. यदि ऐसा संभव नहीं हो, तो मुस्लिम समुदाय के लिए अलग से तिथि जल्द निर्धारित कर सामूहिक निकाह कार्यक्रम आयोजित किया जाए, ताकि उन्हें भी शासन की योजना का लाभ मिल सके.

# तालाब की पार को जन सहयोग से सुधारा



**बेगमगंज, 9 अप्रैलम तहसील के ऐतिहासिक गांव कोकलपुर में प्रत्येक वर्ष सती स्थल पर विशाल मेला आयोजित किया जाता है. यहां एक प्राचीन तालाब अपने अंदर कई इतिहास समेटे हुए हैं उसकी पार टूट जाने के कारण बारिश का पानी एक एकत्रित नहीं हो पता था.**

जब उक्त मामला एसडीएम सौरभ मिश्रा के संज्ञान में लाया आया तो उन्होंने जन भागीदारी से ग्रामीणों के साथ एई अभिषेक, इंजीनियर मनोज राय, नीलम सेन, आरएल मंडराई, ग्राम सरपंच और ग्रामीणों को साथ लेकर श्रम दान कर पार को दुरुस्त करने का अभियान शुरू किया है. ताकि पार दुरुस्त होने के बाद बारिश के पानी को संचय किया जा सके और ग्रामीणों को उसका लाभ मिल सके. एसडीएम सौरभ मिश्रा द्वारा ग्राम में सहायता शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. जल समस्या के निदान के लिए नल जल योजना पूर्ण कर 2 दिवस में चालू करवाने का आश्वासन पीएचई एसडीओ राजेश शर्मा ने ग्रामीणों को दिया. ग्रामीणों की और भी समस्याओं का तत्काल निराकरण कराया गया.

## रायसेन में 19 को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**रायसेन, 9 अप्रैल.** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत रायसेन में 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु आयोजक नगर पालिका रायसेन तथा नोडल अधिकारी उप संचालक सामाजिक न्याय मनोज बाथम रहेंगे. सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु द्वारा आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मापदंड शर्तो के अधीन 15 अप्रैल तक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी रायसेन अनुराग भदौरिया के मो.न. 9131805671 पर या सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है.

# सिलवानी में भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का समापन

### कार्यकर्ता बूथ स्तर तक रहें सक्रिय : रामपाल सिंह

**सलवानी, 9 अप्रैल. नगर मंडल भाजपा द्वारा आयोजित दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का समापन गुरुवार को नायक मेरिज गार्डन में हुआ. प्रशिक्षण वर्ग में मंडल के अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास और कार्यपद्धति से अवगत कराना रहा, ताकि वे जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बना सकें.**

प्रशिक्षण सत्र में भाजपा का इतिहास, वैचारिक आधार, संगठन की रीति नीति, बूथ प्रबंधन की रणनीति और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर




विस्तार से जानकारी दी गई.

पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है. समापन सत्र में राजेंद्र ठाकुर, विजय शुक्ला, प्रदीप कुशवाहा, संदीप शर्मा, पुनीत समैया, जय बाबू जैन, सलीम काजी ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया. उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग को संगठन की मजबूती के लिए जरूरी बताया. इस अवसर पर बम्होरी भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह लोधी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने आभार व्यक्त किया. संचालन भाजपा मीडिया प्रभारी राधेश्याम साहू ने किया.

## बेगमगंज में श्री राम महायज्ञ 25 से होगा

**बेगमगंज,9 अप्रैल.** नगर में 25 अप्रैल से 1 मई तक श्री राम महायज्ञ हनुमत पुनः प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह आयोजन सागर रोड स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर पेट्रोल पंप के सामने आयोजित किया जाएगा. महोत्सव की शुरुआत कलश यात्रा और भगवान वीर बजरंग बली की शोभायात्रा से होगी. भक्त मुन्नालाल पड़ा ने बताया कि राम रसिया दरबार में यह यज्ञ पिछले 32 वर्षों से निरंतर आयोजित होता आ रहा है. इस वर्ष विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि बीना नदी पर डैम निर्माण के कारण पुराना मंदिर डूब क्षेत्र में आ रहा है. ऐसे में भगवान की कृपा से सागर रोड पर नए मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है,जहां अब विधिवत प्रतिमा स्थापना की जाएगी.



## मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**सिलवानी, 9 अप्रैल. आगामी 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नायक मैरिज गार्डन में समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने कृषि विभाग के एसएडीओ सुनील मालवीय एवं जनपद पंचायत सीईओ नीलम रायकवार के साथ मेला स्थल पर आने-जाने की सुविधाओं, किसानों के लिए आवश्यक तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया. कृषि मेला, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को योजनाओं के प्रति जागरूक करना है. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला मंत्री संदीप शर्मा, बम्होरी भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह लोधी, शिवपाल सिंह राजपूत, कृषि फार्म अधिकारी रघुवीर कुशवाहा, थाना प्रभारी संजीत परते सहित आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम

### बच्चों के मस्तिष्क विकास पर रहेगा विशेष फोकस

# जिले में पोषण पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**रायसेन, 9 अप्रैल. रायसेन जिले में 9 से 23 अप्रैल तक मनाए जाने वाले पोषण पखवाड़े का गुरुवार को आंगनवाड़ी केंद्रों पर शुभारंभ हुआ. इस दौरान पोषण पर चर्चा करते हुए परिजनों को पोषण आहार का महत्व बताते हुए घर पर ही उपलब्ध खाद्य सामग्री से पौष्टिक आहार या व्यंजन बनाने के बारे में भी जानकारी दी गई.**

इस वर्ष पोषण पखवाड़े का मुख्य थीम 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम



विकास निर्धारित है. पखवाड़े में मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार और समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियां आयोजित की जाएंगी. पोषण पखवाड़े में परिवारों और समुदायों में जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा.

पाखबाड़े में बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने, खेल आधारित सीखने, माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने तथा सामुदायिक सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए भी विशेष गतिविधियां होंगी.

22 अप्रैल को पंखुड़ी पोर्टल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए सामुदायिक सहयोग एवं दान अभियान चलाया जाएगा, जबकि 23 अप्रैल को पोषण मेला आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी.

## नदी और तालाब में किया श्रमदान



**सिलवानी, 9 अप्रैल.** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत सिलवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत खमेरा में जल संरक्षण को लेकर विशेष पहल की गई. इस दौरान नकती नदी के तट एवं ग्राम के तालाब पर श्रमदान कर साफ-सफाई एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण का कार्य किया गया.

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा की और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को संरक्षित रखने का संकल्प लिया. इस अवसर पर जनपद पंचायत सिलवानी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्रामीणों को 'जल है तो कल है' का संदेश देते हुए जल शपथ दिलाई गई. ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन एवं जल संग्रहण के प्रति जागरूक किया गया.